केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर

दिल्ली - 110032

सं.सी-27011/2/2012-15 हिन्दी/खण्ड दिनांक : 28.07.2016

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार केन्द्रीय बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी सक्षम प्राधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड की स्वीकृति से बोर्ड के मुख्यालय में 14 सितम्बर, 2016 (बुधवार) को हिन्दी दिवस समारोह आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिनका विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	**प्रतियोगिता का नाम**	**पुरस्कार**	**पुरस्कारों की राशि (रूपये में)**	**पुरस्कारों की संख्या**	**पात्रता**
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	2000.00 1500.00 1000.00 500.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
02.	हिन्दी टिप्पण/आलेखन/ पत्राचार	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	2000.00 1500.00 1000.00 500.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
03.	हिंदी संभाषण प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	2000.00 1500.00 1000.00 500.00	एक एक एक दो	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
04.	हिंदी टंकण प्रतियोगिता (केवल कंप्यूटर पर)	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	2000.00 1500.00 1000.00 500.00	एक एक एक दो	सभी निजी सचिव/आशुलिपिक, उच्च/अवर श्रेणी लिपिक, डाटा एंट्री ऑपरेटर (नियमित कर्मचारी)

पहली प्रतियोगिता वैज्ञानिक/तकनीकी लेख के संबंध में कृपया अपने लेख निर्धारित तिथि तक हिन्दी अनुभाग में अवश्य भिजवा दें, ताकि इनका मूल्यांकन करके यथासमय पुरस्कार निर्धारित किए जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित विषयों पर उत्कृष्ट भाषा शैली, अर्थपूर्ण, जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए उपयुक्त तथा अधिकतम 20 पृष्ठों तक के होने चाहिए।

क्रमश.......2

दूसरी प्रतियोगिता अर्थात "हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार" के लिए प्रश्न-पत्र तैयार किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विषयों पर हिन्दी में निबन्ध, नोटिंग/ड्राफ्टिंग, पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिन्दी पर्याय एवं हिन्दी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।

तीसरी प्रतियोगिता हिन्दी संभाषण प्रतियोगिता है। संभाषण के विषय पर्यावरण प्रदूषण और वर्तमान ज्वलंत समस्याओं पर आधारित होंगे और प्रतियोगिता के दिन स्थल पर ही बताए जाएंगे। इसमें भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से निवेदन है कि अपना नाम निर्धारित तिथि तक हिन्दी अनुभाग में भेजें।

चौथी प्रतियोगिता हिन्दी टंकण प्रतियोगिता है, जो हिन्दी अनुभाग के यूनीकोड युक्त कंप्यूटरों पर आयोजित कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक कर्मचारियों से निवेदन है कि वे टंकण प्रतियोगिता के लिए अपना नाम निर्धारित तिथि तक हिन्दी अनुभाग को भेजें।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं हिन्दी दिवस कार्यक्रम से पहले आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता आयोजन की तिथि, समय और स्थान से प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। विजेता कर्मचारियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि अर्थात दिनांक 22.08.2016 तक अपने नाम एवं लेख हिन्दी अनुभाग में भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ओमदास)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय बोर्ड, (मुख्यालय)

प्रतिलिपि

1. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग, केन्द्रीय बोर्ड
2. सभी प्रभाग प्रभारी - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतियोगिताओंमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
4. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इस परिपत्र को केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट में अपलोड करें।

(ओमदास)
सहायक निदेशक (रा.भा.)